# बारिश से 40 फीसदी भराया केथन बांध

**खास बातें**

- शहर में वर्षभर हो सकेगी पेयजल की आपूर्ति
- सिरोंज में अभी तक हुई औसत की 57 फीसदी बारिश
- केथन बांध के भरने में काफी पानी की दरकार

नवभारत न्यूज
**सिरोंज, 22 जुलाई, बीते दिनों में क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के बाद केथन बांध में पानी आने से फिलहाल केथन बांध 40 फीसदी भर गया है. हालांकि अभी भी केथन बांध को भराने में काफी पानी की दरकार है. वही बीते दिनों हुई बारिश से केथन बांध में शहर में वर्षभर तक के लिये पेयजल की आपूर्ति के लिये पानी आ गया है. जिससे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस जरूर ली है. सिरोंज शहर के अधिकांश हिस्सों में केथन बांध से ही पेयजल प्रदाय किया जाता है. वही सिरोंज में इस बार 1 जून से अभी तक औसत बारिश की 57 फीसदी बारिश हो चुकी है. सिरोंज में औसत बारिश का आंकड़ा 900 मि.मी. है.**

जुलाई का महीना बीतने की ओर है. वही बीते दिनों क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के बाद केथन बांध में अभी तक 40 फीसदी पानी ही भरा सका है. सिरोंज के केथन बांध से ही क्षेत्र में सिंचाई के लिए जलप्रदाय किया जाता है, तो वही शहरी क्षेत्र में अधिकांश हिस्सों में केथन बांध से पेयजल प्रदाय होता है. बीते दिनों क्षेत्र में हुई बारिश से केथन बांध में शहर में वर्षभर तक के लिये पेयजल की आपूर्ति के लिये पानी जरूर आ गया है. जिससे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है. सिरोंज के केथन बांध की नहर के माध्यम से क्षेत्र में सिंचाई के लिए जलप्रदाय किया जाता है. जिससे लोग एवं किसान केथन बांध के लबालब भराने की उम्मीद लगाये है. फिलहाल सिरोंज के केथन बांध को भराने में अभी काफी पानी की दरकार है. हालांकि अभी बारिश का मौसम जारी है. तथा लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद है. सिंचाई विभाग के सब इंजीनियर आर.पी. शर्मा ने बताया कि सिरोंज का केथन बांध अभी करीब 40.44 फीसदी भराया है. सिरोंज के केथन बांध में अभी जलस्तर 479.23 मी. है. जबकि सिरोंज का केथन बांध का पूर्ण भराव जलस्तर 482.64 मी. है.



### सिरोंज में अभी तक हुई औसत की 57 फीसदी बारिश

सिरोंज में बीती रात करीब 12 मि.मी. बारिश दर्ज हुई. सिरोंज में औसत बारिश का आंकड़ा करीब 900 मि.मी. है. जबकि इस वर्ष 1 जून से मंगलवार सुबह तक सिरोंज में कुल वर्षा करीब 514 मि.मी. दर्ज हुई है. इस बार अभी तक सिरोंज क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा औसत बारिश से दूर है. सिरोंज में अभी तक औसत बारिश की 57 फीसदी बारिश हो चुकी है. जबकि सिरोंज में गत वर्ष इस समय तक करीब 273 मि.मी. बारिश दर्ज हुई थी. इस बार बीते साल की तुलना में इस अवधि में करीब दुगुनी बारिश हो चुकी है. वही विदिशा जिले में इस वर्ष अभी तक सबसे कम वर्षा गुलाबगंज में 298 मि.मी. दर्ज हुई है. जबकि सबसे अधिक बारिश पठारी तहसील में 655.6 मि.मी. दर्ज हुई है.



### केथन बांध के छरछरे का विहंगम होता है दृश्य

सिरोंज के केथन बांध के लबालब भराने के बाद बांध के छरछरे से पानी निकलने का दृश्य काफी विहंगम होता है. शहर एवं आसपास के बड़ी तादाद में लोग केथन बांध एवं समीप के दीनदयाल पार्क में पहुंचकर इस मनमोहक दृश्य का आनंद लेते हैं. लोगों को उम्मीद है कि केथन बांध के लबालब भराने के बाद केथन बांध के छरछरे से पानी निकलने का विहंगम दृश्य इस बार भी दिखाई दे सकेगा. तथा लोग इस मनमोहक दृश्य का आनंद ले सकेंगे. हालांकि अभी केथन बांध को भराने में काफी पानी की दरकार है.

## सड़क के खस्ता हाल से ग्रामीण को बारिश में होती परेशानी

**पूर्व विधायक ने ठेकेदार पर मामला दर्ज करने की मांग की**



नवभारत न्यूज
**विदिशा 22 जुलाई,** मंगलवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कोतवाली पुलिस के नाम एक पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने ग्राम बेहलोट की सड़क निर्माण में लापरवाही के संबंध में ठेकेदार नीलेश तिवारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग की है.उक्त पत्र में पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कोतवाली पुलिस को बताया कि ग्राम बेहलोट में सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार नीलेश तिवारी द्वारा अपनी कंपनी के माध्यम से लगभग तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। इस परियोजना में अब तक केवल गिट्टी बिछाई गई है, लेकिन पुलिया के पास लगभग 150 मीटर मार्ग अब भी कच्चा पड़ा है.21 जुलाई को हुई थोड़ी वर्षा के पश्चात जब मैं अपनी बोलेरो गाड़ी से उक्त मार्ग से गुजर रहा था, तब वह कच्चे मार्ग के कीचड़ में फिसल गई और पुलिया के कोने पर जाकर रुकी। सौभाग्य से मुझे और मेरे ड्राइवर को कोई गंभीर चोट नहीं आई।उसी समय दो मोटरसाइकिल सवार ग्राम निवासी बलवीर एवं हल्केराम भी फिसलकर गिर पड, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं.उक्त स्थान पर ठेकेदार द्वारा सड़क के मध्य मिक्सचर मशीन लापरवाहीपूर्वक छोड़ी गई है, जिससे लोगों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है. पूर्व विधायक ने इस संबंध में ठेकेदार नीलेश तिवारी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। लोक निर्माण विभाग को विश्वास में लेकर ठेकेदार के भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए, ठेका निरस्त कर उसकी अमानत राशि तथा शेष बकाया राशि को जब्त किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो.

## शहर में आवारा कुत्तों का आतंक

नवभारत न्यूज
**सिरोंज, शहर में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को एक आवेदन सौंपा. जिसमें उन्होंने आवारा कुत्तों के आतंक से छुटकारा दिलाये जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि नगर में कुत्तों का आतंक इतना अधिक बढ़ गया है कि लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है.**

शहर में गली, चौराहे पर कुत्तों का जमघट लगा रहता है. और वह आम नागरिक को कई बार काट चुके हैं. शहरवासियों के लिए यह एक बड़ी समस्या है. इन आवारा कुत्तों के काटने से बीमारी का भय लोगों में बना रहता है. इन आवारा कुत्तों का शिकार सबसे अधिक बच्चे और महिलाएं होते हैं. साथ ही वृद्ध लोगों को भी इनसे भय बना रहता है. बच्चे घर से निकलते हैं, खेलते हैं तो यह भय रहता है कि कहीं वह इनका शिकार न बन जायें. उन्होंने नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से छुटकारा दिलाये जाने हेतु उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है.

### कई घंटे रही बिजली सप्लाई बाधित

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** भैरों बाबा फीडर पर पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य के चलते मंगलवार को शहर के कई हिस्सों में कई घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही. जिसके कारण इन हिस्सों के लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं इन दिनों बारिश थमने से उमस का माहौल जारी है. बिजली सप्लाई बंद रहने के कारण लोग उमस से परेशान होते दिखाई दिए. वही इस क्षेत्र में लोगों के व्यापार व्यवसाय भी बिजली सप्लाई बंद रहने से प्रभावित हुए. विद्युत विभाग के जेई ने बताया कि भैरों बाबा फीडर पर पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य के चलते विद्युत सप्लाई बंद रही है. इस फीडर से संबंधित शहर के हिस्सों में ही बिजली सप्लाई बंद रही है. जबकि शहर के अन्य हिस्सों में बिजली सप्लाई बहाल रही है.

## हिन्दू उत्सव समिति ने निकाली कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज
**शमशाबाद,हिन्दू उत्सव समिति ने देवपुर सिरोंज से भगवान विश्वनाथ की पूजा कर कावड़ यात्रा शुरू की. कावड़ियों ने 60 किमी दूर पवित्र कुण्ड से जल भरा.कावड़िया हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भगवा झंडा लेकर डीजे की धुन पर नाचते गाते भोलेनाथ के जयकारो के साथ चल रहे थे.**

यात्रा का रात्रि विश्राम भन्नाखेड़ा में हुआ.यहां सरपंच राकेश शर्मा ने स्वागत किया.गोलना, जितेन्द्र मीणा जीरापुर, पैगयाई , सांगुल में पूर्व विधायक रूद्र प्रताप सिंह ने कावड़ियों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर फलाहार कराया गया. सरपंच राम कुमार शर्मा, हड़ा सरपंच मन मोहन यादव, झिरी राजपाल यादव, रमपुरा पुलिया सरपंच दशरथ यादव, रतवा बबलू गुर्जर ने भी स्वागत किया. डंगरवाडा के रामदेव बाबा मंदिर पर पुजारी अशोक सोनी और कमलेश मेहर ने कावड़ियों का स्वागत किया.महानीम चौराहा पर सरपंच प्रहलाद यादव, श्रीकृष्णा एजेंसी, अमित धाकड़, यादव महासभा, मेहर समाज, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, नगर परिषद भारती प्रदीप माहेश्वरी, भूरा साहू, अंकित बंसल मित्र मंडल ने भी पुष्प वर्षा कर फलाहार कराया. यात्रा का समापन महामाई शिव मंदिर में शिव अभिषेक के साथ हुआ.कावड़ यात्रा में राहुल अहिरवार अपने मित्रो के साथ 51 लीटर जल भरकर कावड़ में आए जो आकर्षण का केन्द्र रहे.

## सत्यार्थी मूवमेंट ने ग्राम जारोद में निकाली शिक्षा जागरुकता रैली




**स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ड्रॉपआउट व अनियमित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास**

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा,** सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा बाल मित्र ग्राम जारोद में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक प्रभावशाली शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. इस रैली में शासकीय प्राथमिक शाला, जारोद पुरा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे गांव में नारे लगाकर शिक्षा के महत्व का संदेश प्रसारित किया.कार्यक्रम में शाला प्रभारी लाल सिंह अहिरवार एवं शिक्षक श्रीमती सुमन यादव की सहभागिता रही.साथ ही, सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन के कार्यकर्ता कैलाश नारायण साहू, दीपक मिश्रा, गोविंद कुशवाहा, हजारीलाल पातस्कर, सरोज विश्वकर्मा, मनीषा पंथी एवं शुभेंद्र यादव भी इस अभियान में प्रमुख रूप से शामिल रहे. रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हर बच्चे का है अधिकार रोटी, खेल, पढ़ाई,प्यार जैसे प्रेरणादायक नारों से गांववासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया.इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम के ड्रॉपआउट और अनियमित बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा को हर बच्चे का अधिकार बनाना है.उल्लेखनीय है कि यह अभियान बाल मित्र ग्राम चोरावर, भिलाई, साहबा, सतपाड़ा कला में भी सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है. यह जनजागरूकता अभियान आगामी 15 अगस्त 2025 तक सतत रूप से विभिन्न बाल मित्र ग्रामों में संचालित किया जाएगा. इस मुहिम के माध्यम से न केवल बच्चों को विद्यालय में वापसी के लिए प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि ग्रामवासियों में शिक्षा के महत्व को लेकर एक सकारात्मक सोच विकसित करने का भी प्रयास किया जा रहा है.



## 5 करोड़ से पंचायत भवन व 50 लाख से बनेगा मंगल भवन

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा,** जनपद पंचायत भवन के लिये 5 करोड़ तथा मानोरा में श्रद्धालुओं के लिए 50 लाख का मंगल भवन बनेगा. इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने राशि स्वीकृत कर दी है.विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने भोपाल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से चर्चा की और सारी स्थिति से अवगत कराया.उन्होंने इसके लिए तुरंत राशि स्वीकृत कर दी.विधायक हरि सिंह रघुवंशी तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नगर मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपा नेता महेंद्र सिंह लोधी ने मंत्री श्री पटेल का फूल मालाओं से सम्मान किया. नया पंचायत भवन 5 करोड़ की लागत से बनेगा.इससे अधिकारी कर्मचारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्यों के लिए बैठने पर्याप्त स्थान मिल सकेगा. किसानों के लिए भी इस नवनिर्मित भवन में सुविधा मिलेगी. भाजपा नेता तथा कार्यकर्ताओं ने उक्त राशि स्वीकृत कराने के लिए विधायक रघुवंशी का आभार माना.

शव वाहन / फ्रीज़र
ब्लड ग्रुप लिस्ट
मरीज इलाज उपकरण
पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
निःशुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से



## भारती बनी माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष

नवभारत न्यूज
**शमशाबाद,** माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक हुई.बैठक में मंडल के चुनाव कराए गए. सर्वसम्मति से भारती माहेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष को माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष चुना गया. निशा धीरन को सचिव बनाया गया. रूची राठी को उपाध्यक्ष और रजनी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया. बैठक में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रमों की योजना बनी.उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा.

## शिव जैसा परमार्थी दूसरा देव नहीं-प्रहेमानंद शास्त्री

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा, रघुवंशी समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष धार्मिक यात्रा के चौथे बर्ष मे भगबान सोमनाथ की पबित्र भूमि पर दर्शनो के लिए 175 जिसमे 75 जोड़ों द्वारा शिवलिंग बनाकर शिवार्चन, शिव अभिषेक किया जा रहा है.**

उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिव ऐसे देव है जिनकी कृपा सरलता से प्राप्त की जा सकती है. उक्त कार्यक्रम मे मुरलीसिंह रघुवंशी सनाई मुख्य यजवान है जो पूरी श्रद्दाभाव से भक्ति मे लीन होकर धर्म लाभ ले रहे है कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं प्रहेमानंद जी शास्त्री है जो शिवार्चन कराते समय सभी यजमानो का मन मोह लेते है.आचार्य प्रहेमानंद शास्त्री ने शिवार्चन कराते हुए कहा किभगवान महादेव जैसा परमार्थी और वैरागी कोई दूसरा देव नहीं है.भगवान शिव की करुणा तो देखिए, एक भक्त की पुकार पर माँ गंगा के अति तीव्र वेग को भी सहर्ष अपने मस्तक पर सह लेते हैं. गंगा को जटाओं में धारण करते हैं पर बाद में लोक कल्याण की भावना से मुक्त भी कर देते हैं.दुनिया का नियम यह है, कि यहाँ पर प्रत्येक आदमी दूसरों से पाना तो बहुत कुछ चाहता है, लेकिन बाँटना नहीं चाहता.लोक कल्याण एवं लोक मंगल के लिए बाँटना हम सबको भगवान शिव के जीवन से सीखना चाहिए. भगवान शिव किसी से लेते भी हैं तो और अधिक देने के लिए लेते हैं.लोक मंगल के लिए किया गया प्रत्येक कार्य शिव पूजन ही तो हैइस धार्मिक आयोजन मे मुख्य रूप से लालसाहब,पर्बतसिंह,निर्भय सिंह, बाला राम ,देवीसिंह, लखनसिंह,गुडडा रघुवंशी ,राजकुमार, रेवाराम, वीरसिंह, रामरतन, रमेश, मुन्नादादा,गोबिंद सिंह प्रयागसिंह, काशीराम ,रूपनारायण, रामलाल,कमलसिंह आदि रघुवंशी समाज के व्यक्ति उपस्थित है.

### बच्चों को सिखाया हाथ धोने का तरीका

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगरपालिका एवं आस्था समिति द्वारा काला महल स्थित ऑल सेंट स्कूल के बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया बताई गई . जिसमें हाथों की सफाई का तरीका समझाया गया . सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत सफाई रखने, घरों के गीले, सूखे कचरे को अलग अलग कर कचरा संग्रहण वाहन में देने और घरों में आसपास पानी का जमाव न होने देने के बारे में बताया गया .

**कमी** 83 ग्राम पंचायतों में 17 सचिव और 8 रोजगार सहायक के खाली पड़े पद

# जनपद पंचायत सांची में सचिवों की भारी कमी




नवभारत न्यूज
**सांची,जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सचिवों और सहायक सचिवों की भारी कमी के चलते केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति अब ग्रामवासियों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है, क्योंकि उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद सांची के अंतर्गत कुल 83 ग्राम पंचायतें आती हैं.नियमानुसार प्रत्येक पंचायत में एक सचिव और एक रोजगार सहायक की पदस्थापना होनी चाहिए, जिससे योजनाओं की निगरानी, संचालन और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके.लेकिन वर्तमान में केवल 66 सचिव और 75 रोजगार सहायक ही कार्यरत हैं.कई सचिव या तो सेवा निवृत्त हो चुके हैं या दिवंगत हो गए हैं.वहीं रिक्त पदों की पूर्ति के लिए न तो शासन स्तर से कोई पहल की गई है और न ही स्थानीय प्रशासन इस दिशा में सजग दिखाई दे रहा है. इस कमी के कारण एक-एक सचिव को दो-दो पंचायतों का कार्यभार सौंपा गया है, जिससे प्रशासनिक कामकाज अस्त-व्यस्त हो गया है. कई पंचायतें तो ऐसी हैं, जहां सहायक सचिव तक नहीं हैं. ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी से लेकर आवेदन, सत्यापन और स्वीकृति तक की प्रक्रिया में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.जानकारों का मानना है कि सरकार की नीयत भले ही जनकल्याण की हो, लेकिन जमीनी अमले की अनुपस्थिति योजनाओं को कागज़ों तक सीमित कर देती है.जनपद कार्यालय में बैठे अधिकारियों की निष्क्रियता और उदासीनता इस समस्या को और जटिल बना रही है. न तो रिक्त पदों के लिए शासन को कोई प्रस्ताव भेजा गया है और न ही स्थानीय स्तर पर कोई समाधान तलाशा गया है.विकास कार्यों और योजनाओं को लेकर पहले से ही जनपद पंचायत पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं.अब सचिवों की कमी ने इस व्यवस्था पर और सवाल खड़े कर दिए हैं. सरपंचों की मानें तो वे स्वयं असमंजस की स्थिति में हैं कि वे पंचायत के कामकाज कैसे संचालित करें.

### क्या कहते हैं पंचायत निरीक्षक

पंचायत निरीक्षक अजय असैय्या का कहना है कि सांची जनपद पंचायत में कुल 83 सचिव एवं सहायक सचिव के पद हैं.वर्तमान में 66 सचिव कार्यरत हैं तथा 75 सहायक सचिव पदस्थ हैं।पहले सचिवों की पदस्थापना कलेक्टर स्तर से होती थी, लेकिन अब यह नियुक्ति शासन द्वारा की जाती है.जिन पंचायतों में सचिव नहीं हैं. वहां आसपास की पंचायतों के सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, ताकि शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके.यदि शीघ्र ही सचिवों और रोजगार सहायकों की नियुक्ति नहीं की गई तो आने वाले समय में पंचायतें निष्क्रिय हो जाएंगी और योजनाएं अधर में लटक जाएंगी. शासन और प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीणों को उनके हक का लाभ समय पर मिल सके.




